भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 2698

जिसका उत्तर 22.12.2022 को दिया जाना है

बाईपास सड़कों का निर्माण

2698. एडवोकेट डीन कुरियाकोस:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का एनएच-185 पर चेरुथनी, कट्टाप्पना और आदिमाली के लिए दो बाईपास सड़कों के निर्माण हेतु कोई प्रस्ताव/अनुरोध प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को मुवातुपुझा और कोथमंगलम के बीच बाइपास सड़क निर्मित करने हेतु कोई प्रस्ताव/अनुरोध प्राप्त हुआ है; और

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ख) जी, हाँ। केरल में रारा-185 पर चेरूथानी और कट्टप्पना के लिए बाईपास के निर्माण का प्रस्ताव प्राप्त हुआ था। उक्त दो बाईपासों के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के लिए बोली प्रकिया शुरू कर दी गई है। रारा-185 पर आदिमाली बाईपास निर्माण का कोई प्रस्ताव प्राप्त नही हुआ है।

(ग) से (घ) एनएचएआई ने भारतमाला परियोजना के तहत मुवत्तुपुझा और कोथमनागलम शहर सहित पूरे मौजूदा संरेखण को बाईपास करते हुए रारा-85 पर कोच्चि से थेनी तक ग्रीनफिल्ड संरेखण को मंजूरी दे दी है।

*****